3 :- दिये हुए खज़ाने को सामने लाते हुए फिर अपने को देखो कि सर्व खज़ानों से सम्पन्न हुए हैं, अगर नहीं तो कौन सा खज़ाना और क्यों नहीं धारण हुआ है, फिर उसी प्रमाण से देखो और धारण करो।

4 :- जहाँ साधारणता है वहाँ जरूर प्राप्ति है ही। साधारणता है तो प्राप्ति भी साधारण।

5 :- सदैव यह स्मृति में रखो कि आगे बढ़ाने में आगे बढ़ता समाया हुआ है।

==============================================================================

QUIZ ANSWERS

==============================================================================

प्रश्न 1 :- सबसे बड़े से बड़ी महानता जिससे महान बने हो, वह बाबा ने क्या बताई है, और महान कौन हैं?

उत्तर 1 :- सबसे बड़े से बड़ी महानता जिससे महान बने हो, वह बाबा बताते हैं कि:-

❶ जिन आत्माओं को, विशेष माताओं को हर बात में अयोग्य बना दिया है ऐसी अयोग्य आत्माओं को योग्य अर्थात् बाप के भी अधिकारी आत्मायें बना दिया।

❷ जिनको चरणों की जूती समझा है, बाप ने नयनों का नूर बना दिया। जैसे कहावत है - 'नूर नहीं तो जहान नहीं'। ऐसे ही बापदादा भी दुनिया को दिखा रहे हैं - 'भारत माता शक्ति अवतार नहीं तो भारत का उद्धार नहीं'।

❸ ऐसे अयोग्य आत्माओं से योग्य आत्मा बनाया। तो महान आत्मायें बन गये ना! जिन्होंने भी बाप को जाना और जानकर अपना बनाया वह महान हैं।

प्रश्न 2 :- आज बापदादा क्या देख हर्षित हो रहे हैं और क्यों? साथ ही बच्चों को किस बात की मुबारक और कौन से इनाम देने की बात कर रहे हैं ?

उत्तर 2 :- आज बापदादा बच्चों के श्रेष्ठ तकदीर को देख हर्षित भी होते हैं। क्योंकि:-

❶ दुनिया की अनेक प्रकार की आग से बच गये। आज का मानव अनेक प्रकार की आग में जल रहा है। और आप बच्चे शीतल सागर के

कण्ठे पर बैठे हो। जहाँ सागर की शीतल लहरों में, अतीन्द्रिय सुख की, शान्ति की प्राप्ति में समाये हुए हो।

❷ एटामिक बाम्बस या अनेक प्रकार के बाम्बस की अग्नि ज्वाला जिससे लोग इतना घबरा रहे हैं, वह तो सिर्फ सेकण्डों की, मिनटों की बात है।

❸ लेकिन आजकल के अनेक प्रकार के दुख, चिन्तायें, समस्यायें यह भिन्न-भिन्न प्रकार की चोट जो आत्माओं को लगती है यह अग्नि जीते हुए जलाने का अनुभव कराती है।

❹ न जिन्दा हैं, न मरे हुए हैं। न छोड़ सकते, न बना सकते। ऐसे जीवन से निकल श्रेष्ठ जीवन में आ गये हो इसलिए सदा सर्व के प्रति रहम आता है ना। तब तो घर-घर में सेवाकेन्द्र बनाया है।

❺ बहुत अच्छा सेवा का लक्ष्य रखा है। अब तो गाँव गाँव या मोहल्ले में हैं, लेकिन अब गली गली में 'ज्ञान-स्थान' हो।

❻ भक्ति में देव-स्थान बनाते हैं लेकिन यहाँ घर-घर में ब्राह्मण आत्मा हो। जैसे घर घर में और कुछ नहीं तो देवताओं के चित्र जरूर होंगे। ऐसे घर घर में चैतन्य ब्राह्मण आत्मा हो।

❼ गली गली में ज्ञान-स्थान हो तब हर गली में प्रत्यक्षता का झण्डा लहरायेंगे।

❹ तीसरी है प्रकृति और परिस्थितियों द्वारा प्राप्त हुई अधीनता। तीनों में से किसी भी अधीनता के वश हैं तो सिद्ध है सर्व अधिकारी नहीं है।

❺ अभी अपने को देखो कि अपना बनाना अर्थात् अधिकारी बनने का अनुभव सदा और सर्व में होता है। वा कभी कभी और किस बात में होता है और किसमें नहीं होता है।

प्रश्न 5 :- (अ ) जो बापदादा के समान सेवाधारी हैं उन बच्चों को बापदादा सदा कहाँ रखते हैं? (ब)"अच्छा चांस ड्रामा अनुसार मिला है।" इन महावाक्यों द्वारा बाबा क्या बता रहे हैं?

उत्तर 5 :- (अ) बाबा बतलाते हैं कि:-

❶ जो बापदादा के समान सेवाधारी हैं उन बच्चों को बापदादा सदा रखते हैं अपने (नयनों में)

❷ नयन सारे शरीर में सूक्ष्म हैं ओर नयनों में भी जो नूर है वह कितना सूक्ष्म है, बिन्दी है ना।तो बाप के नयनों में समाने वाले अर्थात् अति सूक्ष्म। अति न्यारे और बाप के प्यारे। ऐसे ही अनुभव करते हो ना!

( ब ) "बहुत अच्छा चांस ड्रामा अनुसार मिला है।" बाबा अच्छा कहते हैं क्योंकि:-

❶ जितना बिजी रहेंगे उतना ही मायाजीत हो जायेंगे। बिजी रहने का अच्छा साधन मिला है ना।

❷ सेवा बिजी रहने का साधन है। चाहे किसी भी समय माया का विघ्न आया हुआ है लेकिन जब सेवा वाले सामने आयेंगे तो अपने को ठीक करके उनकी सेवा करेंगे।

❸ क्या भी होगा, तैयार होकर के ही मुरली सुनायेंगे ना। और सुनाते सुनाते स्वयं को भी सुना लेंगे। दूसरों की सेवा करने से स्वयं को भी मदद मिल जाती है। इसलिए बहुत बहुत श्रेष्ठ साधन मिला हुआ है।

❹ एक होता है अपना पुरूषार्थ करना, एक होता है दूसरे के सहयोग का साधन। तो डबल हो गया ना!

❺ प्रवृत्ति सम्भालते सेवा की जिम्मेवारी सम्भाल रहे हो यह भी डबल लाभ हो गया। यह तो रास्ते चलते खुदा दोस्त द्वारा बादशाही मिल गई।

❻ डबल प्राप्ति, डबल जिम्मेवारी, लेकिन डबल जिम्मेवारी होते भी डबल लाइट, डबल लाइट समझने से कभी लौकिक जिम्मेवारी भी थकायेगी नहीं क्योंकि ट्रस्टी हो ना। ट्रस्टी को क्या थकावट।

FILL IN THE BLANKS:-

